# एम.पी.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा–2020
# सामान्य अध्ययन–I
# (मॉडल पेपर–1)

1. भारत के प्राचीनतम पंचमार्क्ड (आहत) सिक्के मुख्यत: किस धातु के बने होते थे?
   (a) तांबा (b) सोना
   (c) चांदी (d) टिन

2. निम्नलिखित में से किनका संबंध बुद्ध के जीवन से था?
   1. अवंति 2. गांधार
   3. कोसल 4. मगध

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) केवल 3 और 4

3. मौर्य काल की वास्तुकला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा **असत्य** है?
   (a) बड़े पैमाने पर पत्थर की इमारत बनाने का कार्य आरंभ हुआ।
   (b) पत्थर के स्तंभ राजस्थान में तैयार किये जाते थे।
   (c) मौर्य शिल्पियों ने बौद्ध भिक्षुओं के निवास के लिये चट्टानों को काटकर गुफाएँ बनाईं।
   (d) इस काल में पांडु रंग वाले बलुआ पत्थर के एक ही टुकड़े से बना स्तंभ उन्नत तकनीकी ज्ञान का उदाहरण है।

4. निम्नलिखित में से किसने प्राचीन भारत पर सर्वप्रथम आक्रमण किया था?
   (a) शक (b) यूनानी
   (c) कुषाण (d) पह्लव

5. निम्नलिखित पुस्तकों का उनके लेखकों के साथ मिलान कीजिये:

| **पुस्तक** | **लेखक** |
|---|---|
| A. सौंदरानंद | 1. कालिदास |
| B. कामसूत्र | 2. दंडी |
| C. अभिज्ञानशाकुंतलम् | 3. अश्वघोष |
| D. दशकुमारचरित | 4. वात्स्यायन |

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

6. निम्न में से इलेक्ट्रॉनिक शॉपिंग का आविष्कार किसने किया?
   (a) जैफ बैजोस
   (b) माइकल एल्ड्रिच
   (c) टिम बर्नर्स ली
   (d) जैक मा

7. कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु किस कारण से हुई?
   (a) उसके एक विश्वासपात्र कुलीन ने छुरा मारकर हत्या कर दी।
   (b) पंजाब पर अधिकार करने हेतु उसने गज़नी के शासक यल्दूज से युद्ध किया, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई।
   (c) कालिंजर के किले में घेरा डालते समय लगी चोटों से उसकी मृत्यु हो गई।
   (d) चोगान (पोलो) खेलते समय घोड़े से गिर जाने के कारण मृत्यु हो गई।

8. मनसबदारी प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) मनसबदारों को वेतन नगद में न देकर जागीर के रूप में दिया जाता था।
   (b) बही दस्तावेज़ को 'जमा-दामी' कहा जाता था।
   (c) शाहजहाँ के समय मनसबदारी व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं चल पा रही थी।
   (d) आगे चलकर मनसबदारों का वेतन सालाना की जगह माहवारी पैमाने पर दिया जाने लगा था।

9. ब्रिटिश द्वारा किस भारतीय राज्य का अधिग्रहण कुशासन के आधार पर किया गया?
   (a) झाँसी (b) अवध
   (c) मैसूर (d) सतारा

10. नीचे दी गई सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (संस्थापक)** | **सूची-II (संस्था)** |
|---|---|
| A. सुरेंद्रनाथ बनर्जी | 1. मद्रास महाजन सभा |
| B. जस्टिस रानाडे | 2. पूना सार्वजनिक सभा |
| C. एम. वीर राघवाचारी | 3. इंडियन एसोसिएशन |
| D. फिरोज़शाह मेहता | 4. बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

11. ई-गवर्नेंस पहल के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु मध्य प्रदेश के किस विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाता है?
   (a) गृह विभाग
   (b) विधि एवं विधायी कार्य विभाग
   (c) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
   (d) जनसंपर्क विभाग

Drishti IAS

12. नागर, द्रविड़ और बेसर हैं–
(a) भारतीय उपमहाद्वीप के तीन मुख्य जातीय समूह
(b) तीन मुख्य भाषा वर्ग, जिनमें भारत की भाषाओं को विभक्त किया जा सकता है
(c) भारतीय मंदिर वास्तुकला की तीन मुख्य शैलियाँ
(d) भारत में प्रचलित तीन मुख्य संगीत घराने

13. प्रच्छन्न बेरोज़गारी का सामान्यत: अर्थ होता है कि–
(a) लोग बड़ी संख्या में बेरोज़गार रहते हैं।
(b) श्रमिकों की उत्पादकता कम होती है।
(c) श्रमिक की सीमांत उत्पादकता शून्य है।
(d) वैकल्पिक रोज़गार उपलब्ध नहीं है।

14. निम्नलिखित में से 14वें वित्त आयोग के अध्यक्ष थे–
(a) एन.के. सिंह (b) वाई.वी. रेड्डी
(c) अमिताभ कांत (d) विजय एल. केलकर

15. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

| **सूची-I (समिति)** | **सूची-II (विषय)** |
|---|---|
| A. रंगराजन समिति | 1. कर सुधार |
| B. नरसिम्हन समिति | 2. बीमा सुधार |
| C. केलकर समिति | 3. PSEs में शेयरों का विनिवेश |
| D. मल्होत्रा समिति | 4. बैंकिंग क्षेत्र में सुधार |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

16. अर्थव्यवस्था 'तरलता संजाल' में तब होती है, जब–
(a) बॉण्ड पर दिये गए ब्याज की दर न्यूनतम हो।
(b) बॉण्ड पर दिये गए ब्याज की दर अधिकतम हो।
(c) मुद्रा की अंतरण मांग अधिकतम हो।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

17. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(a) जेएस वर्मा (b) राजेंद्र बाबू
(c) रंगनाथ मिश्रा (d) एचएल दत्तू

18. निम्नलिखित में से 'एंबर बॉक्स, ब्लू बॉक्स और ग्रीन बॉक्स' सब्सिडी संबंधित है–
(a) WTO से (b) SAARC से
(c) UNFCCC से (d) WHO से

19. मध्य प्रदेश महिला आयोग की प्रकृति है–
(a) सांविधिक
(b) कार्यकारी
(c) संवैधानिक
(d) इनमें से कोई नहीं।

20. केंद्रीय सतर्कता आयोग में अध्यक्ष सहित अधिकतम सदस्यों की संख्या होती है–
(a) 10
(b) 6
(c) 3
(d) 2

21. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित **नहीं** है?
(a) विधि का शासन – अमेरिकी संविधान
(b) सदनों की संयुक्त बैठक – ऑस्ट्रेलियाई संविधान
(c) समानता और बंधुता – फ्राँसीसी संविधान
(d) विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया – जापानी संविधान

22. भारत में कितने राज्य और संघ राज्यक्षेत्र हैं?
(a) 25 राज्य एवं 9 संघ राज्यक्षेत्र
(b) 28 राज्य एवं 7 संघ राज्यक्षेत्र
(c) 28 राज्य एवं 8 संघ राज्यक्षेत्र
(d) 21 राज्य एवं 11 संघ राज्यक्षेत्र

23. सूची-I और सूची-II का मिलान कीजिये:

| **सूची-I (मूल अधिकार)** | **सूची-II (अनुच्छेद)** |
|---|---|
| A. समानता का अधिकार | 1. 14–18 |
| B. स्वतंत्रता का अधिकार | 2. 19–22 |
| C. शोषण के विरुद्ध अधिकार | 3. 23–24 |
| D. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार | 4. 25–28 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

24. भारत का राष्ट्रपति आपातकाल की उद्घोषणा–
(a) प्रधानमंत्री की सलाह पर कर सकता है।
(b) मंत्रिपरिषद की सलाह पर कर सकता है।
(c) अपने विवेक से कर सकता है।
(d) तब कर सकता है, जब ऐसी उद्घोषणा करने के लिये संघ के मंत्रिमंडल का निर्णय उसे लिखित रूप में संसूचित किया गया हो।

25. भारत में राज्यपाल के पद के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) एक व्यक्ति दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त हो सकता है।
   (b) यह विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित त्यागपत्र देकर अपना पद त्याग सकेगा।
   (c) राज्यपाल की नियुक्ति के लिये न्यूनतम 35 वर्ष की आयु निश्चित की गई है।
   (d) राज्यपाल अपना पद ग्रहण करने से पहले उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष शपथ लेता है।

26. धन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) किसी बिल (विधेयक) को धन विधेयक तब माना जाएगा, जब इसमें केवल किसी कर के अधिरोपण, उन्मूलन, माफी, परिवर्तन या विनियमन से संबंधित प्रावधान हों।
   (b) धन विधेयक में भारत की संचित निधि एवं भारत की आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा से संबंधित उपबंध होते हैं।
   (c) धन विधेयक भारत की आकस्मिकता निधि से धन के विनियोजन से संबंधित होता है।
   (d) धन विधेयक भारत सरकार द्वारा धन के उधार लेने या कोई प्रत्याभूति देने के विनियमन से संबंधित होता है।

27. राज्य मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है?
   (a) विधानसभा (b) विधानपरिषद
   (c) राज्यपाल (d) राष्ट्रपति

28. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?

| | **अनुच्छेद** | | **संबंधित राज्य** |
|---|---|---|---|
| (a) | अनुच्छेद 371 | : | महाराष्ट्र |
| (b) | अनुच्छेद 371A | : | नागालैंड |
| (c) | अनुच्छेद 371B | : | असम |
| (d) | अनुच्छेद 371C | : | मध्य प्रदेश |

29. पंचायती राज के विकास के संदर्भ में निम्नलिखित समितियों के गठन को कालानुक्रम में व्यवस्थित करें–
   1. अशोक मेहता समिति
   2. बलवंत राय मेहता समिति
   3. एल.एम. सिंघवी समिति
   4. जी.वी.के. राव समिति

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–
   (a) 1 – 2 – 3 – 4 (b) 2 – 1 – 3 – 4
   (c) 2 – 1 – 4 – 3 (d) 1 – 4 – 2 – 3

30. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| | **सूची-I (भारत के संविधान में संशोधन)** | | **सूची-II (विषय)** |
|---|---|---|---|
| A. | 52वाँ संशोधन अधिनियम, 1985 | 1. | मतदान करने की आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष करना |
| B. | 73वाँ संशोधन अधिनियम, 1992 | 2. | शिक्षा का अधिकार |
| C. | 61वाँ संशोधन अधिनियम, 1988 | 3. | पंचायती राज |
| D. | 86वाँ संशोधन अधिनियम, 2006 | 4. | दल-बदल के आधार पर अयोग्यता |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

31. भारत सरकार द्वारा 'मेगा फूड पार्क' की अवधारणा को प्रोत्साहित करने का/के मुख्य उद्देश्य है/हैं–
   (a) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिये उत्तम अवसंरचना सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु
   (b) खराब होने वाले पदार्थों का अधिक मात्रा में प्रसंस्करण करने और अपव्यय घटाने हेतु
   (c) उद्यमियों के लिये उद्गामी और पारिस्थितिकी के अनुकूल आहार प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियाँ उपलब्ध कराने हेतु
   (d) A और B दोनों

32. रात्रि में आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, क्योंकि–
   (a) तापमान के परिवर्तन के कारण वायुमंडल का अपवर्तनांक बदल जाता है।
   (b) स्पंदों के रूप में तारे प्रकाश उत्सर्जित करते हैं।
   (c) विभिन्न तारों से आने वाले प्रकाश का व्यतिकरण होता है।
   (d) प्रकाश का विवर्तन होता है।

33. किसी शुष्क सेल में विद्युत का उत्पादन:
   (a) रासायनिक ऊर्जा से होता है
   (b) ऊष्मीय ऊर्जा से होता है
   (c) यांत्रिक ऊर्जा से होता है
   (d) नाभिकीय ऊर्जा से होता है

Drishti IAS

34. LIGO का क्या अर्थ है?
   (a) लेज़र इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव ऑब्ज़रवेटरी
   (b) लाइट इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव ऑब्ज़रवेटरी
   (c) लाइट इंड्यूस्ड ग्रेविटी ऑब्ज़रवेटरी
   (d) लेज़र इंड्यूस्ड गैसियस ऑप्टिक्स

35. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (अम्ल का नाम)** | **सूची-II (जिसमें पाया जाता है)** |
|---|---|
| A. फॉर्मिक अम्ल | 1. चींटी का डंक |
| B. कैल्सियम हाइड्रॉक्साइड | 2. चूने का पानी |
| C. टार्टरिक अम्ल | 3. साबुन |
| D. सोडियम हाइड्रॉक्साइड | 4. इमली और अंगूर |
| | 5. खाने का सोडा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 5 |
| (d) | 4 | 5 | 1 | 3 |

36. निम्नलिखित में कौन-सा विटामिन तथा उसकी कमी वाला रोग सुमेलित **नहीं** है?
   (a) राइबोफ्लेविन : स्कर्वी रोग
   (b) नियासिन : पेलाग्रा (चर्मग्राह)
   (c) कैल्सीफेरॉल : अस्थि रुग्णता
   (d) टोकोफेरॉल : जनन क्षमता की कमी

37. 'वान्नाक्राई, पेट्या और इंटर्नल ब्लू' पद, जो समाचारों में उल्लेखित रहते हैं, निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?
   (a) एक्सोप्लैनेट्स
   (b) प्रच्छन्न मुद्रा (क्रिप्टोकरेंसी)
   (c) साइबर आक्रमण
   (d) लघु उपग्रह

38. इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग के क्षेत्र में कौन-सी प्रौद्योगिकी सिलिकॉन को प्रतिस्थापित करेगी?
   (a) हीरे के फलक, जो चमक देंगे, क्योंकि हीरा प्रकाश का सुचालक होता है।
   (b) कार्बन नैनोट्यूब (सीएनटी) को पतली फिल्म ट्रांज़िस्टरों (टीएफटी) के साथ जोड़ा जाना।
   (c) पतली फिल्मों में चालकों और अर्द्धचालकों को जमने के तापमान पर संयुक्त करना।
   (d) लेज़र आधारित सुपर कंप्यूटरों का विकास।

39. मध्य प्रदेश के किस ज़िले में रेलवे स्लीपर बनाने का कारखाना अवस्थित है?
   (a) सीहोर (b) भोपाल
   (c) इंदौर (d) विदिशा

40. मांडू में अवस्थित नहीं है-
   (a) हिंडोला महल (b) जहाज़ महल
   (c) रूपमती महल (d) जहाँगीर महल

41. मध्य प्रदेश में अधिकतम अनुसूचित जाति प्रतिशत वाले ज़िले हैं-
   (a) दतिया, टीकमगढ़, उज्जैन
   (b) झाबुआ, अलीराजपुर, मंडला
   (c) उज्जैन, अशोकनगर, मुरैना
   (d) भिंड, मुरैना, दतिया

42. मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा गुफा समूह है-
   (a) भीमबेटका की गुफाएँ
   (b) पांडव गुफाएँ
   (c) शंकराचार्य की गुफाएँ
   (d) इनमें से कोई नहीं।

43. मध्य प्रदेश में पंचायत राज अधिनियम सर्वप्रथम कब बना?
   (a) 1962 ई. (b) 1956 ई.
   (c) 2000 ई. (d) 2012 ई.

44. 1956 में गठित मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल में प्रथम महिला कैबिनेट मंत्री थीं-
   (a) पद्मावती देवी (b) कमलापती
   (c) राजमाता सिंधिया (d) सुमित्रा महाजन

45. क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा संभाग है-
   (a) उज्जैन (b) चंबल
   (c) शहडोल (d) जबलपुर

46. माँ शारदा के मंदिर के लिये प्रसिद्ध 'मैहर' निम्न में से किस ज़िले में आता है?
   (a) कटनी (b) ग्वालियर
   (c) जबलपुर (d) सतना

47. मध्य प्रदेश का राष्ट्रीय उद्यान 'कान्हा किसली' किस ज़िले में है?
   (a) नरसिंहपुर (b) सतना
   (c) शहडोल (d) मंडला

48. 'नरेंद्र हिरवानी' का संबंध किस खेल से है?
   (a) हॉकी (b) खो-खो
   (c) मलखंब (d) क्रिकेट

Drishti IAS

49. निम्न में से कौन-सा स्टेडियम रीवा में स्थित है?
(a) नेहरू स्टेडियम
(b) होल्कर स्टेडियम
(c) तात्या टोपे स्टेडियम
(d) ठाकुर रणमत सिंह स्टेडियम

50. भोपाल में स्थित भारत भवन के वास्तुकार कौन थे?
(a) कोनिस बर्गर (b) विलियम एचर्सन
(c) जॉब चरनोक (d) चार्ल्स कोरिया

51. बॉब विलिस ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?
(a) क्रिकेट (b) टेबल टेनिस
(c) बॉस्केटबॉल (d) फुटबॉल

52. निम्नलिखित में से किसे आधुनिक रोबोटिक्स का पिता कहा जाता है?
(a) जोसेफ एंजेलबर्गर (b) आइज़क असिमोव
(c) कैरेल केपेक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

53. 'प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान' भारत सरकार की पहल है-
(a) किसानों को कृषि उत्पाद बेचने हेतु डिजिटल साक्षर बनाना।
(b) ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकारी सेवाएँ पहुँचाना।
(c) ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को डिजिटल साक्षर बनाना।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

54. इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशंस का मुख्यालय कहाँ अवस्थित है?
(a) मोनाको
(b) पेरिस
(c) वाशिंगटन डी.सी.
(d) नई दिल्ली

55. 32वाँ ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल-2020 कहाँ आयोजित किये जाएंगे?
(a) टोक्यो (जापान) (b) बीजिंग (चीन)
(c) मिलान (इटली) (d) पेरिस (फ्राँस)

56. हाल ही में किसने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है?
(a) अरुण हलदर ने
(b) विजय सांपला ने
(c) सुभाष रामनाथ पारधी ने
(d) सुनील शर्मा ने

57. 22 फरवरी, 2021 को किस केंद्रशासित प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया गया?
(a) लक्षद्वीप (b) अंडमान एवं निकोबार
(c) पुदुच्चेरी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

58. भारत के राज्यों का निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सबसे पूर्वी और सबसे पश्चिमी राज्य को इंगित करता है?
(a) असम और राजस्थान
(b) अरुणाचल प्रदेश और राजस्थान
(c) असम और गुजरात
(d) अरुणाचल प्रदेश और गुजरात

59. भारत में पर्वतों के अवस्थान पर विचार करते हुए बताएँ कि निम्नलिखित में से कौन-सा एक दक्षिण से उत्तर की ओर सही अनुक्रम है?
(a) डोड्डाबेट्टा, कैलाश, धौलागिरि, विंध्याचल
(b) डोड्डाबेट्टा, विंध्याचल, धौलागिरि, कैलाश
(c) धौलागिरि, कैलाश, डोड्डाबेट्टा, विंध्याचल
(d) धौलागिरि, विंध्याचल, डोड्डाबेट्टा, कैलाश

60. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित **नहीं** है?

| **बंदरगाह से संबंधित तथ्य** | **शहर** |
|---|---|
| (a) चाइल्ड ऑफ पार्टीशन | कांडला |
| (b) नदीय पत्तन | कोलकाता |
| (c) कृत्रिम पत्तन | एन्नौर |
| (d) प्राकृतिक बंदरगाह | चेन्नई |

61. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पश्चिम की ओर बहने वाली नदियों का, उनके नदी-बेसिन के घटते आकार के आधार पर, सही अनुक्रम है?
(a) नर्मदा - तापी - साबरमती - माही
(b) तापी - नर्मदा - माही - साबरमती
(c) साबरमती - नर्मदा - तापी - माही
(d) नर्मदा - तापी - माही - साबरमती

62. भारतीय मानसून के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. चेरी ब्लॉसम कर्नाटक में मानसून पूर्व बौछार का विशिष्ट प्रकार है।
2. मानसून में विभंगता और अंतराल जेट प्रवाह की गतिशील प्रकृति के कारण आते हैं।
3. तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश के भाग और कर्नाटक के भाग में उत्तरी-पूर्वी मानसून/लौटते हुए मानसून के कारण वर्षा होती है। भारतीय उपमहाद्वीप का यह भाग उत्तर-पूर्वी पवन तंत्र द्वारा प्रभावित होता है।

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

63. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वाधिक वन आच्छादित क्षेत्र हैं?

(a) महाराष्ट्र

(b) छत्तीसगढ़

(c) मध्य प्रदेश

(d) आंध्र प्रदेश

64. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (सिंचाई/शक्ति परियोजना) | सूची-II (नदी) |
|---|---|
| A. भाखड़ा नांगल | 1. भागीरथी |
| B. दुलहस्ती | 2. महानदी |
| C. हीराकुंड | 3. चंद्रा |
| D. टिहरी | 4. सतलुज |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

65. जनगणना 2011 के अनुसार, लिंगानुपात के संबंध में भारत में राज्यों का सही अवरोही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) पश्चिम बंगाल-मध्य प्रदेश-उत्तराखंड-आंध्र प्रदेश

(b) मध्य प्रदेश-पश्चिम बंगाल-आंध्र प्रदेश-उत्तराखंड

(c) आंध्र प्रदेश-उत्तराखंड-पश्चिम बंगाल-मध्य प्रदेश

(d) पश्चिम बंगाल-उत्तराखंड-मध्य प्रदेश-आंध्र प्रदेश

66. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क्या है?

(a) दूरभाष पर कॉल का परिचालन

(b) दूरसंचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए वीडियो कॉल का परिचालन

(c) दूरबीन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंस का परिचालन

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

67. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. गहन कृषि | 1. बड़े आकार के खेतों के साथ उच्च यंत्रीकृत। |
| B. विस्तृत कृषि | 2. लंबे समय तक परती छोड़ना और अधिवास चक्रण। |
| C. स्थानांतरण कृषि | 3. मध्यम आकार के खेत, पशुपालन के साथ फसल, अंतर-फसल और फसल चक्रण। |
| D. मिश्रित फसल | 4. अति विशिष्टीकृत वाणिज्यिक कृषि। |
| E. भूमध्यसागरीय कृषि | 5. बहुत छोटी जोतों के साथ दो या तीन फसलें और भलीभाँति उन्नत पशुपालन। |

**कूट:**

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| (b) | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 |

68. निम्नलिखित धरातलीय पवनों पर विचार कीजिये:

1. डोलड्रम 2. व्यापारिक पवन

3. पश्चिमी पवन 4. ध्रुवीय पवन

निम्नलिखित में से कौन-सा भूमध्यरेखा से ध्रुव की ओर इन पवनों का आदर्शीकृत भूमंडलीय प्रतिरूप है?

(a) 1 – 2 – 3 – 4

(b) 1 – 3 – 2 – 4

(c) 2 – 1 – 4 – 3

(d) 3 – 1 – 2 – 4

69. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'पारितंत्र' (ईकोसिस्टम) के अंतर्गत अजैविक घटक **नहीं** है?

(a) तापमान (b) आर्द्रता

(c) अपघटक (d) स्थलाकृति

70. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

| समिति | संबंधित क्षेत्र |
|---|---|
| 1. माधव गाडगिल समिति | पश्चिमी घाटों का संरक्षण |
| 2. इंजेती श्रीनिवास समिति | राष्ट्रीय खेल कोड |
| 3. कस्तूरीरंगन समिति | पश्चिमी घाटों का संरक्षण |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

71. परपोषी पोषण के प्रकारों को उनके विवरण के साथ सुमेलित कीजिये:

| परपोषी पोषण | विवरण के प्रकार |
|---|---|
| A. मृतजीवी | 1. घटपर्णी पौधा |
| B. परजीवी | 2. नाइट्रोजन स्थिरीकरण, जैसे कि लैग्यूम में |

Drishti IAS

| | | |
|---|---|---|
| C. सहजीवी | 3. | ये विघटक होते हैं और अन्य मृत जीवों के शरीर से जटिल कार्बनिक पदार्थ का विघटन कर अपने उपयोग के लिये ऊर्जा मुक्त करते हैं। |
| D. कीटभक्षी | 4. | ये अन्य सजीवों के अंदर या उनके ऊपर (जिन्हें आश्रयदाता कहा जाता है) निवास करते हैं तथा उनसे आश्रय और पोषक तत्त्व प्राप्त करते हैं। |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (वन्यजीव अभयारण्य)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. डालमा | 1. मध्य प्रदेश |
| B. भीतरकनिका | 2. केरल |
| C. पचमढ़ी | 3. झारखंड |
| D. वायनाड | 4. ओडिशा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

73. फरवरी 2021 में भारत के किस शहर में देश का पहला वेटलैंड संरक्षण प्रबंधन केंद्र खोलने की घोषणा की गई?
(a) चेन्नई (b) भोपाल
(c) अहमदाबाद (d) लद्दाख

74. हाल ही में 100 फीसदी साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला देश का पहला ज़िला है-
(a) देहरादून (उत्तराखंड) (b) लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
(c) तिरुवनंतपुरम (केरल) (d) मैसूर (कर्नाटक)

75. निम्न में से मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव कौन है?
(a) गोपाल रेड्डी (b) गीता मित्तल
(c) इकबाल बैंस (d) संजीव बनर्जी

76. भारत की पहली हॉट एयर बैलून सफारी का शुभारंभ किया गया-
(a) उमरिया में (b) सिंगरौली में
(c) शहडोल में (d) अनूपपुर में

77. निम्न में से कौन वर्ष 2020 में ब्रिटेन में ब्लू प्लाक से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय मूल की महिला बनीं?
(a) संजना कपूर
(b) किरण मजूमदार शॉ
(c) नीरा टंडन
(d) नूर इनायत खान

78. मध्य प्रदेश कैबिनेट ने आदिम-जाति कल्याण विभाग का नाम बदलकर क्या रख दिया है?
(a) जनजातीय कार्य विभाग
(b) आदिम जाति कार्य विभाग
(c) जनजातीय कल्याण विभाग
(d) इनमें से कोई नहीं।

79. खजुराहो नृत्य समारोह, 2021 का आयोजन किस अवधि के दौरान किया गया?
(a) 26 जनवरी से 1 फरवरी, 2021
(b) 1 फरवरी से 7 फरवरी, 2021
(c) 20 फरवरी से 26 फरवरी, 2021
(d) 14 फरवरी से 21 फरवरी, 2021

80. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में इनोवेटिव रिज़र्व एटीट्यूड को बढ़ावा देने के लिये कहाँ पर स्पेस टेक्नोलॉजी इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जा रहा है?
(a) राउरकेला में
(b) लखनऊ में
(c) ग्वालियर में
(d) इंदौर में

81. भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की पदावधि क्या है?
(a) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो
(b) राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत
(c) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो
(d) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो

82. संघ लोक सेवा आयोग के/की वर्तमान अध्यक्ष हैं-
(a) प्रदीप कु. जोशी
(b) अलका सिरोही
(c) डेविड आर. सिमलिह
(d) रजनी राजदान

83. निम्नलिखित में से किस कर्त्तव्य का भारत के कैग (CAG) द्वारा पालन किया जाता है?
    (a) भारत की संचित निधि से होने वाले सभी व्ययों का लेखा परीक्षण करना और उसके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
    (b) आकस्मिकता निधि और लोकलेखाओं से होने वाले सभी व्ययों की लेखा परीक्षा करना तथा उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
    (c) सभी सार्वजनिक क्षेत्र, व्यापार, निर्माण, लाभ और हानि लेखाओं की लेखा परीक्षा करना तथा उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
    (d) सार्वजनिक धन की प्राप्ति और निर्गम का नियंत्रण करना तथा यह सुनिश्चित करना कि सार्वजनिक राजस्व राजकोष में जमा हो।

84. नीति आयोग से संबंधित इनमें से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
    (a) भारत के प्रधानमंत्री नीति आयोग के पदेन अध्यक्ष हैं।
    (b) नीति आयोग का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना और देश में सहकारी संघवाद को बढ़ाना है।
    (c) नीति आयोग में 60 पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।
    (d) यह कार्यकालीय संकल्प द्वारा सृजित निकाय है।

85. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पद के लिये इनमें से किस योग्यता का होना अनिवार्य है?
    (a) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है
    (b) सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है
    (c) बाल कल्याण संवर्द्धन के लिये कार्य किया है
    (d) जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उचित समझे

86. मध्य प्रदेश की प्रथम खेल नीति कब बनाई गई थी?
    (a) वर्ष 1989 में
    (b) वर्ष 2010 में
    (c) वर्ष 1956 में
    (d) वर्ष 2000 में

87. प्रसिद्ध भारतीय परमाणु भौतिक वैज्ञानिक एवं यांत्रिक अभियंता अनिल काकोदर का जन्मस्थान है-
    (a) इंदौर
    (b) बड़वानी
    (c) ग्वालियर
    (d) भोपाल

88. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
    (a) नई दिल्ली
    (b) बंगलूरू
    (c) भोपाल
    (d) पुणे

89. 21 अप्रैल, 2021 को जारी किये गए वैश्विक ऊर्जा रूपांतरण सूचकांक, 2021 में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?
    (a) 68वाँ
    (b) 87वाँ
    (c) 114वाँ
    (d) 51वाँ

90. मध्यकाल में परमार वंश का शासन क्षेत्र था-
    (a) बुंदेलखंड
    (b) महाकौसल
    (c) बघेलखंड
    (d) मालवा

91. मध्य प्रदेश से प्राप्त एरण अभिलेख किस गुप्त शासक के समय का है?
    (a) उपगुप्त
    (b) समुद्रगुप्त
    (c) भानुगुप्त
    (d) स्कंदगुप्त

92. नर्मदा-सोन घाटी कहाँ स्थित है?
    (a) मालवा और बुंदेलखंड के मध्य
    (b) रीवा-पन्ना और बुंदेलखंड के मध्य
    (c) मध्य भारत और मालवा के मध्य
    (d) मालवा और सतपुड़ा के मध्य

93. 'थांग-टा' किस राज्य का मार्शल आर्ट है?
    (a) असम
    (b) मध्य प्रदेश
    (c) मणिपुर
    (d) पंजाब

94. सुमेलित कीजिये:

| | निगम | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|
| A. | म.प्र. स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड | 1. 1980 |
| B. | म.प्र. लघु उद्योग निगम | 2. 1961 |
| C. | म.प्र. वस्त्र निगम | 3. 1972 |
| D. | म.प्र. राज्य वन विकास निगम | 4. 1975 |

Drishti IAS

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

95. मध्य प्रदेश में सबसे पहला आकाशवाणी केंद्र कहाँ स्थापित किया गया था?
   (a) छतरपुर
   (b) इंदौर
   (c) ग्वालियर
   (d) जबलपुर

96. मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम की स्थापना कब की गई?
   (a) 5 जून, 1970 को
   (b) 1 जून, 1962 को
   (c) 12 जून, 1963 को
   (d) 4 जून, 1966 को

97. सुमेलित कीजियेः

| **सूची-I (मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक समारोह)** | **सूची-II (आयोजन स्थल)** |
|---|---|
| (A) तानसेन संगीत समारोह | 1. उज्जैन |
| (B) कालिदास समारोह | 2. ग्वालियर |
| (C) खजुराहो नृत्य समारोह | 3. छतरपुर |
| (D) अमीर खाँ समारोह | 4. इंदौर |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

98. मध्य प्रदेश में सबसे अधिक जनजाति कौन-सी पाई जाती है?
   (a) भील
   (b) गोंड
   (c) कोल
   (d) सहरिया

99. मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?
   (a) कैलाश जोशी
   (b) अर्जुन सिंह
   (c) वीरेंद्र कुमार सकलेचा
   (d) रविशंकर शुक्ल

100. हाल ही में किस पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ एवं एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया?
   (a) निखत जरीन
   (b) आशीष चौधरी
   (c) कैप्टन हरि सिंह थापा
   (d) चंद्र सिंह थापा

Drishti IAS

# एम.पी.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा-2020
## सामान्य अध्ययन-I ( मॉडल पेपर-1 )
### उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 26. | (c) | 51. | (a) | 76. | (a) |
| 2. | (d) | 27. | (a) | 52. | (a) | 77. | (d) |
| 3. | (b) | 28. | (d) | 53. | (c) | 78. | (a) |
| 4. | (b) | 29. | (c) | 54. | (a) | 79. | (c) |
| 5. | (c) | 30. | (b) | 55. | (a) | 80. | (a) |
| 6. | (b) | 31. | (d) | 56. | (b) | 81. | (c) |
| 7. | (d) | 32. | (a) | 57. | (c) | 82. | (a) |
| 8. | (c) | 33. | (a) | 58. | (d) | 83. | (d) |
| 9. | (b) | 34. | (a) | 59. | (b) | 84. | (c) |
| 10. | (c) | 35. | (a) | 60. | (d) | 85. | (c) |
| 11. | (c) | 36. | (a) | 61. | (d) | 86. | (a) |
| 12. | (c) | 37. | (c) | 62. | (d) | 87. | (b) |
| 13. | (c) | 38. | (b) | 63. | (c) | 88. | (a) |
| 14. | (b) | 39. | (a) | 64. | (c) | 89. | (b) |
| 15. | (c) | 40. | (d) | 65. | (c) | 90. | (d) |
| 16. | (a) | 41. | (b) | 66. | (b) | 91. | (c) |
| 17. | (c) | 42. | (a) | 67. | (b) | 92. | (d) |
| 18. | (a) | 43. | (a) | 68. | (a) | 93. | (c) |
| 19. | (a) | 44. | (a) | 69. | (c) | 94. | (c) |
| 20. | (c) | 45. | (d) | 70. | (d) | 95. | (b) |
| 21. | (a) | 46. | (d) | 71. | (c) | 96. | (b) |
| 22. | (c) | 47. | (d) | 72. | (a) | 97. | (b) |
| 23. | (a) | 48. | (d) | 73. | (a) | 98. | (a) |
| 24. | (d) | 49. | (d) | 74. | (a) | 99. | (d) |
| 25. | (b) | 50. | (d) | 75. | (c) | 100. | (c) |

Drishti IAS